Total Pages : 8

KN-501

BPE (Part-I) Examination, 2022

FOUNDATION COURSE

HINDI BHASHA

[Paper : First]

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Passing Marks : 25

निर्देशः **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न करना **अनिवार्य** है। **सभी** प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

इकाई-I

1. (अ) पल्लवन किसे कहते हैं ? पल्लवन करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है? [8]

अथवा

पत्र को परिभाषित करते हुए उसके प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ब) स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा को स्पष्ट करते हुए एक अच्छे अनुवादक की विशेषता का उल्लेख कीजिए। [7]

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं सात पारिभाषिक शब्दों के हिंदी रूप लिखिए :

Assistant professor, Principal, Education, Chairman, Environment, Editor, Pollution, Scientist.

इकाई–II

2. (अ) लोकोक्तियों एवं मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए निम्नलिखित में से छः मुहावरों एवं लोकोक्तियों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। [8]

(i) अधजल गगरी छलकत जाए

(ii) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता

(iii) एक हाथ से ताली नहीं बजती

(iv) अंग–अंग ढीला होना

(v) आँखे चार होना

(vi) आसमान के तारे तोड़ना

(vii) गाल बजाना

अथवा

निम्नलिखित में से आठ शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये :

उच्शृंखलता, श्रृंगार, अजीवीका, अंतर्ध्यान, आर्शीवाद, अनुकुल, इतिहासिक, कोतुहल, ग्रहस्थ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं सात समश्रुत शब्दों के अर्थ लिखिए : [7]

(i) अंश -

अंस

(ii) अन्न -

अन्य

(iii) आदी -

आदि

(iv) उर -

उरु –

(v) किला –

कीला –

(vi) कुल –

कूल –

(vii) तुरंग –

तरंग

(viii) नीर –

नीड़ –

अथवा

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** का उत्तर दीजिए :

(i) 'जहाँ पहुँचा न जा सके' के लिए एक शब्द लिखिए।

(ii) जिस पर मुकदमा चल रहा हो, के लिए एक शब्द लिखिए।

(iii) 'अग्नि' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(iv) 'आवृत' का विलोम शब्द लिखिए।

(v) 'तरल' का विलोम शब्द लिखिए।

(vi) 'सप्ताह' में एक बार होने वाला' के लिए एक शब्द लिखिए।

(vii) 'विष्णु का उपासक' के लिए एक शब्द लिखिए।

(viii) 'तलवार' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

इकाई–III

3. (अ) मानक हिंदी भाषा किसे कहते हैं? इसके मुख्य लक्षणों को लिखिए। [8]

अथवा

नागरी के प्रारंभिक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए नागरी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ब) लिपि किसे कहते हैं? देवनागरी लिपि की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [7]

अथवा

मानक भाषा के स्वरूप एवं मानकीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत टिप्पणी लिखिये।

इकाई–IV

4. (अ) कम्प्यूटर किसे कहते हैं? जनसामान्य के लिए सूचना तकनीक के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डालिए। [8]

अथवा

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) सूचना प्रौद्योगिकी

(ii) इंटरनेट

(iii) ई–मेल

(ब) सूचना प्रौद्योगिकी के घटकों पर विस्तार से लिखिए। [7]

अथवा

''कम्प्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु नहीं है, किन्तु आज उसके बिना जीवन अधूरा है।'' उक्त कथन के आधार पर कम्प्यूटर की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

इकाई-V

5. (अ) संक्षेपण के समय किन बातों पर ध्यान देना चाहिए और किन बातों से बचना चाहिए। विस्तारपूर्वक उल्लेख कीजिए।

[8]

अथवा

संक्षेपण के महत्त्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ब) हिन्दी अपठित से क्या समझते हैं? अपठित गद्यांश लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? सविस्तार उल्लेख कीजिए। [7]

अथवा

संक्षिप्ति को स्पष्ट करते हुए किन्हीं पाँच संक्षिप्ति का उदाहरण लिखिए।

----x----